53 वर्ष के हुए जॉन अब्राहम

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता और फिल्मकार जॉन अब्राहम आज 53 वर्ष के हो गये. केरल में 17 दिसंबर 1972 को जन्में जॉन अब्राहम ने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की. इसके बाद उन्होंने कुछ विज्ञापन फिल्मों में भी काम किया. बतौर अभिनेता जॉन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म जिस्म से की. इस फिल्म में उनका किरदार ग्रे शेड्स लिये हुये था बावजूद वह दर्शकों की सहानुभूति पाने में सफल रहे.महेश भट्ट निर्मित फिल्म जिस्म-2 में जॉन की जोड़ी विपाशा बसु के साथ काफी पसंद की गयी. फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी. इसके साथ हीं जॉन को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेता के लिये फिल्म फेयर द्वारा नामांकित किया गया. वर्ष 2004 में जॉन और विपाशा की जोड़ी वाली फिल्म एतबार प्रदर्शित हुयी लेकिन दर्शकों द्वारा नकार दी गयी.

वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म धूम जॉन के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शामिल है. यश राज बैनर तले बनी इस फिल्म में जॉन ने एक बार फिर से नेगेटिव किरदार निभाया. इस फिल्म में जॉन ने जबरदस्त बाइक स्टंट दृश्य कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया. फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी साथ हीं उन्हें सर्वश्रेष्ठ नेगेटिव किरदार के लिये फिल्म फेयर की ओर से नामांकित भी किया गया.

वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म गरम मसाला में जॉन अब्राहम और अक्षय कुमार की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया. वर्ष 2006 में जॉन की फिल्म जिंदा प्रदर्शित हुयी. इस फिल्म में भी जॉन ने नेगेटिव किरदार निभाया. हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिख सकी लेकिन जॉन इसे अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक मानते है. वर्ष 2008 में प्रदर्शित फिल्म दोस्ताना जॉन के करियर की सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है. करण जौहर निर्मित फिल्म दोस्ताना समालैंगिकता पर बनायी गयी फिल्म थी. इस फिल्म में जॉन और अभिषेक बच्चन की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया. फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी.

वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म विक्की डोनर के जरिये जॉन अब्राहम ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया. इस फिल्म के जरिये जॉन ने स्पर्म डोनेशन जैसे संजीदा विषय को दर्शकों के सामने पेश किया.



ऑस्कर 2026 में शॉर्टलिस्ट हुई करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड'

बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटिगरी में शॉर्टलिस्ट हो गयी है. एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंस ने फिल्म 'होमबाउंड' के ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटिगरी में शॉर्टलिस्ट होने की जानकारी दी है. भारत की ओर से ऑस्कर 2026 के लिये आधिकारिक एंट्री रही 'होमबाउंड' ने इंटरनेशनल फीचर फिल्म की कैटेगरी में टॉप 15 फिल्मों में अपनी जगह बना ली है.

करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी बनी फिल्म 'होमबाउंड' का निर्देशन नीरज घेवान ने निर्देशित किया है. इस फिल्म में विशाल जेठला, ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर ने अहम भूमिका निभायी है. फिल्म 'होमबाउंड' पहले ही कई फेस्टिवल्स में धमाल मचा चुकी है. इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ था और इसे टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी सराहा गया.

करण ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की है. उन्होंने लिखा, 'मैं बता नहीं सकता कि फिलहाल मैं कैसा महसूस कर रहा हूं. मुझे काफी गर्व है और मैं फिलहाल चांद पर हूं. हमारी फिल्मोग्राफी में 'होमबाउंड' का होना अपने आप में गर्व फील करवाता है. थैंक्यू नीरज हमारे इतने सपने को सच करने के लिए. कान्स से ऑस्कर शॉर्टलिस्ट तक ये जर्नी काफी शानदार रही है. पूरी कास्ट, क्रू और टीम को प्यार है इस स्पेशल फिल्म से.' नीरज घेवान ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की. उन्होंने कहा कि 'होमबाउंड' को दुनियाभर से जो प्यार मिला है, वही इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत है.

मृणाल ठाकुर की फिल्म 'डकैत' का टीजर रिलीज

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अदिवी शेष स्टारर फिल्म 'डकैत' के टीजर रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है. जिसके बाद से फैंस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं.

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अक्सर किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में छाई रहती हैं. इसी बीच एक्ट्रेस अदिवी शेष संग अपनी अपकमिंग फिल्म 'डकैत' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. दरअसल, सोमवार को मेकर्स ने फिल्म के टीजर की रिलीज डेट का ऐलान किया है. मृणाल ठाकुर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के टीजर रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है, तो चलिए जानते हैं इसके बारे में.

मृणाल ठाकुर ने पोस्टर शेयर कर खुलासा किया कि 'डकैत' का दमदार टीजर 18 दिसंबर को रिलीज होगा. साथ ही मालूम हो, फिल्म के टीजर की रिलीज दो शहरों में अलग समय पर होगी. मुंबई के गैलेक्सी थिएटर में टीजर सुबह 11 बजे रिलीज किया जाएगा, जबकि हैदराबाद में शाम 6:30 बजे इसकी झलक दिखाई जाएगी. इसके बाद फिल्म 19 मार्च 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी. फिल्म की कहानी एक गुस्सैल अपराधी की है, जो प्रेमिका से मिले धोखे का बदला लेने की फिराक में है.अभिनेत्री हाल ही में फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' में नजर आई थी. इस फिल्म में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के अलावा, रवि किशन, संजय मिश्रा, चंकी पांडे, नीरू बाजवा, कुब्रा सैत, रोशनी वालिया, दीपक डोबरियाल, विंदू दारा सिंह, शरद सक्सेना, अश्विनी कलसेकर, साहिल मेहता और दिवंगत मुकुल देव भी हैं.

डिस्कवरी ने 2025 का किया समापन

वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी साल के अंत को कार्टून नेटवर्क और पोगो पर नईकहानियों की धूम के साथ खास बना रहा है. जैसे-जैसे त्योहारों का माहौल बन रहा है और बच्चे व परिवार क्रिसमस की तैयारियों में जुट रहे हैं, किड्स चैनल्स नए शो के साथ-साथ डिस्कवरी किड्स पर फैन्स के पसंदीदा कार्यक्रमों के ताज़ा एपिसोड भी पेश कर रहे हैं, जो इस हॉलिडे सीज़न में खुशी, रंग और ढेर सारी मस्ती जोड़ देंगे. ओम नॉम स्टोरीज़ कार्टून नेटवर्क पर हुई लॉन्च क्रिसमस के उत्साह को और बढ़ाते हुए, यह सीरीज़ ओम नॉम के एक जिज्ञासु, हरे रंग के छोटे मॉन्स्टर की कहानी दिखाती है, जो हर दिन एक नई एडवेंचर में कूद पड़ता है. कभी सुपरहीरो, कभी एस्ट्रोनॉट, तो कभी कैफ़े ओनर—हर एपिसोड में उसे एक नई भूमिका में दिखाया गया है, जहाँ साधारण पलों को तेज़, मज़ेदार और कल्पनाशील कहानियों में बदल दिया जाता है. पोगो पर धमाकेदार मस्ती का सीज़नपोगो साल के अंत की मस्ती को और बढ़ाते हुए अपना नया कॉमेडी शो ओमी नं. 1 लॉन्च कर रहा है. पोगो दर्शक इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में देख सकेंगे. यह शो ओमी कीधमाल-भरी दुनिया दिखाता है, जो मिल्क किंग केदारनाथ का बेहद लाड़ला लेकिन दिल का साफ़ पोता है.

प्रियंका से प्रेरित है 'जगद्धात्री' का एक्शन स्टाइल

शो 'जगद्धात्री' इन दिनों अपनी तेज रफ्तार कहानी, जबर्दस्त ड्रामा और दमदार एक्शन सीन्स के चलते दर्शकों का फेवरेट बन गया है. शो की कहानी एक ऐसी लड़की के सफर को दिखाती है, जिसे अपने ही घर में अनसुना किया जाता है, लेकिन वही लड़की आगे चलकर एक निडर अंडरकवर एजेंट बन जाती है. अपनी मां की मौत की असली वजह की तलाश करते हुए जगद्धात्री खतरनाक अपराधियों से लड़ती है, और ऐसे में उनका हर दिन और दिलचस्प होता जा रहा है. शो में फरमान हैदर, सायंतनी घोष, गीता त्यागी समेत कई कलाकार खास रोल्स में नजर आ रहे हैं. इस शो में टाइटल रोल निभा रहीं सोनाक्षी बत्रा अपने एक्शन सीक्वेंस से दर्शकों को खासा इंप्रेस कर रही हैं. हाल ही में एक बातचीत के दौरान सोनाक्षी बत्रा ने 'जगद्धात्री' के एक्शन सीन को लेकर खुलकर बात की और बताया कि इस किरदार के एक्शन स्टाइल को तैयार करने में उन्हें किससे प्रेरणा मिलती है. सोनाक्षी ने बताया कि इसके पीछे उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा हैं. सोनाक्षी ने बताया कि प्रियंका किस तरह उनके काम को प्रभावित करती हैं. वो कहती हैं, 'प्रियंका चोपड़ा की परफॉर्मेंस में जो बात सबसे अलग नजर आती है, वो यह है कि वह एक्शन के साथ साफ जज्बात भी दिखाती हैं.

अनन्या पांडे ने फिल्मफेयर ओटीटी अवार्ड्स में मचाई धूम

फिल्मफेयर अवार्ड्स ओटीटी के छठे संस्करण में डिजिटल मनोरंजन के क्षेत्र में अव्वल आने वाली सीरिज और कलाकारों को सम्मानित किया गया. इसमें ब्लैक वारंट ने सर्वश्रेष्ठ ओटीटी सीरीज का शीर्ष पुरस्कार जीता.

पुरस्कारों की घोषणा सोमवार रात को की गई. अभिनेत्री अनन्या पांडे ने 'कॉल मी बे' में अभिनय के लिए कॉमेडी सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर ओटीटी पुरस्कार जीतकर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की.

जयदीप अहलावत ने 'पाताल लोक सीजन 2' में अपनी भूमिका के लिए ड्रामा सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता.कॉमेडी श्रेणी में, बरुण सोबती और स्पर्श श्रीवास्तव ने क्रमश: 'रात जवान' और 'दुपहिया' में अपने अभिनय के लिए कॉमेडी सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर ओटीटी पुरस्कार साझा किया.

निर्देशक विक्रमादित्य मोटवाने को ब्लैक वारंट पर उनके काम के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (श्रृंखला) पुरस्कार से सम्मानित किया गया.अनन्या पांडे ने जहां कॉमेडी सीरिज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अपने नाम किया, वहीं अभिनेत्री मोनिका पंवार ने 'खौफ' में अभिनय के लिए ड्रामा सीरिज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्म फेयर ओटीटी पुरस्कार जीता.

दिग्गज अभिनेता विनय पाठक को 'ग्राम चिकित्सालय' में उनकी भूमिका के लिए कॉमेडी सीरीज में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्मफेयर ओटीटी पुरस्कार मिला.

राहुल भट्ट ने 'ब्लैक वारंट' के लिए ड्रामा सीरीज श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता.

सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

बॉलीवुड स्टार सनी देओल की आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज हो गया है. सनी देओल के दमदार डायलॉग के साथ टीजर शुरू होता है. सनी दुश्मनों को चेतावनी देते हुए कहते हैं.तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से, सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे.जो आंखों में आंखें डालकर, सीना ठोक कर कहेगा, हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान.

वहीं दूसरे एक सीन में सनी देओल अपने धुरंधर फौजियों से धमाकों के बीच पूछते हैं, आवाज कहां तक जानी चाहिए? जवाब मिलता है लाहौर तक.

टीजर वीडियो में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी को दुश्मनों से लड़ते देखा जा सकता है.

फिल्म बॉर्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मेधा राणा, मोना सिंह और सोनम बाजवा मुख्य भूमिकाओं में हैं. अनुराग सिंह के निर्देशन में बन रही फिल्म बॉर्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, जे.पी. दत्ता और निधि दत्ता कर रहे हैं. यह फिल्म टी-सीरीज और जेपी फिल्म्स के बैनर तले बनायी जा रही है और गुलशन कुमार एवं टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत की जा रही है. सह-निर्माता कृष्ण कुमार हैं. फिल्म बॉर्डर 2, 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी.



दिलजीत ने बार्डर 2 के लिए काफी कड़ी मेहनत की : वरूण

बॉलीवुड स्टार वरूण धवन का कहना है कि फिल्म बार्डर 2 के लिये दिलजीत दोसांझ ने काफी कड़ी मेहनत की है. वरुण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 के को-स्टार दिलजीत दोसांझ की जमकर तारीफ की. दोनों कलाकार बहुप्रतीक्षित देशभक्ति फिल्म बॉर्डर 2 में साथ नज़र आएंगे.

फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में इसका दमदार टीज़र लॉन्च किया, जिसमें देशभक्ति से भरी कहानी की झलक देखने को मिली. टीज़र लॉन्च इवेंट में वरुण धवन मौजूद थे, जबकि दिलजीत दोसांझ इसमें शामिल नहीं हो सके. इसके बावजूद वरुण ने मंच से दिलजीत की मेहनत की सराहना की.

वरुण ने कहा, 'दिलजीत ने फिल्म बार्डर 2 के लिए अपना खून-पसीना बहाया है. वह इस फिल्म में पीवीसी का किरदार निभा रहे हैं. मैं उनकी तरफ से भी सभी का धन्यवाद करता हूं.' बॉर्डर 2 के टीज़र में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी देश की रक्षा के लिए लड़ते हुए नज़र आते हैं. अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.

साइंस एंड टेक्नोलॉजी

प्रीमियम कैमरा का नया विकल्प वीवो एक्स 300 भारत में लॉन्च

भारतीय स्मार्टफोन बाजार में वीवो ने अपने नवीनतम फ्लैगशिप एक्स 300 को आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है. यह स्मार्टफोन प्रीमियम कैमरा क्षमता, शक्तिशाली प्रोसेसर और लंबी बैटरी जीवन के साथ आता है, जिससे तकनीक प्रेमियों और डिजिटल उपयोगकर्ताओं के बीच इसे भारी रुचि मिल रही है.

वीवो एक्स 300 में 6.31 इंच का बड़ा एमोलेड डिस्प्ले है, इसका अनुभव गेमिंग, वीडियो देखने और मल्टीटास्किंग में बेहद सहज और चिकना है. फोन का डिज़ाइन आकर्षक और प्रीमियम लुक वाला है, जो युवा और पेशेवर उपयोगकर्ताओं दोनों के लिए उपयुक्त है. इस फोन में उच्च क्षमता वाला मीडियाटेक डिमेन्सिटी 9500 प्रोसेसर लगा है, जो तेज़ प्रोसेसिंग और ऊर्जा दक्षता दोनों में उत्कृष्ट है. फोन 12 जीबी या 16 जीबी रैम और 256 जीबी से 512 जीबी तक आंतरिक संग्रहण विकल्पों के साथ आता है, जिससे उपयोगकर्ता अपने डेटा, फोटो और एप्लिकेशन सुरक्षित रख सकते हैं.

वीवो एक्स 300 की सबसे बड़ी खासियत इसका 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा है, जो तकनीक के समर्थन से शानदार तस्वीरें विस्तृत रंग प्रजनन क्षमता प्रदान करता है. इसके अतिरिक्त 50 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 50 मेगापिक्सल का टेलीफोटो कैमरा भी है. सामने की ओर 50 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा है, उच्च गुणवत्ता वाली वीडियो कॉलिंग के लिए उपयुक्त है.

वीवो एक्स 300 में उंगलियों के निशान पहचान सेंसर, जल और धूल प्रतिरोध क्षमता, ब्लूटूथ, एनएफसी और डुअल सिम समर्थन जैसे आधुनिक तकनीकी विकल्प भी शामिल हैं. भारत में यह फोन तीन विकल्पों में उपलब्ध है: 12 जीबी + 256 जीबी — 75,999, 12 जीबी + 512 जीबी — 81,999 और 16 जीबी + 512 जीबी — 85,999. कुल मिलाकर, वीवो एक्स 300 ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपनी तकनीक और कैमरा क्षमता के साथ एक मजबूत प्रभाव छोड़ा है.

नमक के दाने से भी छोटा रोबोट

वैज्ञानिकों की बड़ी खोज

विज्ञान और तकनीक की दुनिया में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने एक ऐसी ऐतिहासिक खोज की है, जो आने वाले समय में चिकित्सा क्षेत्र की तस्वीर बदल सकती है. वैज्ञानिकों ने ऐसा रोबोट तैयार किया है, जो आकार में नमक के एक दाने से भी छोटा है.

हैरानी की बात यह है कि इतना सूक्ष्म होने के बावजूद यह रोबोट खुद महसूस कर सकता है, सोच सकता है और निर्णय लेकर काम कर सकता है. वैज्ञानिकों के अनुसार यह दुनिया का पहला ऐसा अति-सूक्ष्म रोबोट है, जिसमें कम्प्यूटर, सेंसर और ऊर्जा प्रणाली एक साथ समाहित की गई है. पिछले करीब 40 वर्षों से वैज्ञानिक इस चुनौती पर काम कर रहे थे, लेकिन तकनीकी सीमाओं के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा था. अब नैनो तकनीक के विकास से यह सपना साकार हुआ है. यह रोबोट एक मिलीमीटर से भी छोटा है और इसमें 55 नैनोमीटर तकनीक पर आधारित एक सूक्ष्म कम्प्यूटर लगाया गया है. इसके साथ ही इसमें तापमान महसूस करने वाले सेंसर मौजूद हैं, जो 0.3 डिग्री तक सटीक माप कर सकते हैं.



रोबोट को ऊर्जा देने के लिए इसमें सोलर सेल लगाए गए हैं, जिससे यह सूरज की रोशनी से चल सकता है. इसकी बाहरी सतह पर एक कांच जैसी सुरक्षात्मक परत चढ़ाई गई है, जो इसे नुकसान से बचाती है. फिलहाल यह रोबोट प्रयोगशाला तक ही सीमित है. यह अभी केवल मीठे पानी में तैरने में सक्षम है. वैज्ञानिकों का कहना है कि इसे अभी नमकीन पानी और ज़मीन पर चलने के लिए और विकसित करना होगा. साथ ही, इसे मानव शरीर के लिए पूरी तरह सुरक्षित बनाने पर भी काम जारी है.

विशेषज्ञों का मानना है कि यह रोबोट इलाज की दुनिया में क्रांति ला सकता है. भविष्य में ऐसे सूक्ष्म रोबोट मानव शरीर की नसों के भीतर जाकर सही जगह पर दवा पहुंचा सकेंगे. ये ब्लॉक हुई नसों को खोलने, कोशिकाओं पर निगरानी रखने और गंभीर बीमारियों के इलाज में मददगार साबित हो सकते हैं. इससे बड़ी सर्जरी की आवश्यकता काफी हद तक कम हो जाएगी. एक शोधकर्ता के अनुसार, अगले 10 वर्षों में इस रोबोट का वास्तविक उपयोग चिकित्सा क्षेत्र में शुरू हो सकता है. अगर यह सफल होता है, तो इलाज पहले से कहीं ज्यादा आसान, सुरक्षित और प्रभावी हो जाएगा.

मकड़ी जैसा निशान और एलियन जीवन की उम्मीद

सदियों से मानव मन में यह प्रश्न कौंधता रहा है कि क्या इस विशाल ब्रह्मांड में पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है जहां जीवन मौजूद है, या कहीं और भी जीव रहते हैं. अब इस सवाल का उत्तर देने की दिशा में बृहस्पति ग्रह का बर्फीला चांद यूरोपा उम्मीद की एक नई किरण बनकर सामने आया है.

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के पुराने गैलीलियो अंतरिक्ष यान द्वारा ली गई तस्वीरों में यूरोपा की सतह पर एक बेहद अजीब और डरावना निशान देखा गया है. यह निशान बिल्कुल किसी विशाल मकड़ी के रेंगने जैसा दिखाई देता है. वैज्ञानिकों ने इसे आयरिश भाषा में डम्हैन अल्ला नाम दिया है, जिसका अर्थ होता है - मकड़ी या दीवार का राक्षस. आयरलैंड के ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन के वैज्ञानिकों की नई रिसर्च के अनुसार यह निशान किसी उल्कापिंड के टकराने से नहीं बना है, बल्कि यह यूरोपा के भीतर हो रही हलचलों का प्रमाण है. शोधकर्ताओं का मानना है कि यूरोपा की मोटी बर्फीली सतह के नीचे नमकीन पानी मौजूद है, जो दबाव बढ़ने पर ऊपर की ओर निकलता है. वैज्ञानिकों ने इस प्रक्रिया की तुलना पृथ्वी पर पाए जाने वाले लेक स्टार्स से की है. जब जमी हुई झीलों की बर्फ में दरार पड़ती है और नीचे का पानी ऊपर आता है, तो वह तारे या मकड़ी जैसे पैटर्न बना देता है. यूरोपा पर भी ठीक ऐसा ही हुआ होगा. फर्क बस इतना है कि वहां अत्यधिक ठंड के कारण पानी सतह पर आते ही जम जाता है और यह रहस्यमय निशान बन जाता है. इस खोज का सबसे बड़ा महत्व यह है कि पानी को जीवन का आधार माना जाता है.



मेटा ने मोबाइल मंच पर जोड़ा नया डेटिंग फीचर

डिजिटल दौर में रिश्ते बनाना जितना आसान हुआ है, उतना ही जटिल भी. मोबाइल अनुप्रयोगों पर दाईं-बाईं उंगलियां चलाते-चलाते लोग थकने लगे हैं. इसी समस्या को देखते हुए सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने अपने मोबाइल मंच पर एक नया कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डेटिंग फीचर जोड़ दिया है. इस फीचर का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को बेहतर और सटीक जीवनसाथी खोजने में मदद करना है.

मेटा के अनुसार, यह नया फीचर विशेष रूप से उन लोगों के लिए बनाया गया है जो बार-बार प्रोफाइल देखने और असफल बातचीत से परेशान हो चुके हैं. इसे आम भाषा में स्वाइप थकान कहा जा रहा है. नया फीचर उपयोगकर्ता की पसंद, बातचीत की शैली और रुचियों का विश्लेषण कर संभावित सही जोड़ी का सुझाव देता है. इस सुविधा में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहायक भी जोड़ा गया है, जो डेटिंग प्रोफाइल तैयार करने से लेकर बातचीत शुरू करने तक में मार्गदर्शन करता है.



उपयोगकर्ता यदि यह नहीं समझ पा रहे हों कि पहली बातचीत कैसे शुरू करें, तो यह सहायक उनके लिए उपयुक्त संदेश भी सुझाता है. मेटा का कहना है कि यह फीचर केवल दिखावट पर नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, सोच और आपसी समझ पर ज़ोर देता है. कृत्रिम बुद्धिमत्ता पुराने मेल, चैट व्यवहार और प्रतिक्रिया पैटर्न को देखकर यह तय करती है कि कौन-सा प्रोफाइल उपयोगकर्ता के लिए ज्यादा उपयुक्त हो सकता है. हालांकि, इस नए फीचर को लेकर विशेषज्ञों की राय बंटी हुई है. कुछ जानकार मानते हैं कि यह तकनीक डिजिटल रिश्तों को ज्यादा सहज और सुरक्षित बना सकती है. वहीं कुछ का कहना है कि भावनाओं को पूरी तरह मशीन पर छोड़ देना सामाजिक संबंधों के लिए जोखिम भरा हो सकता है.

गोपनीयता को लेकर मेटा ने स्पष्ट किया है कि उपयोगकर्ताओं का निजी डाटा सुरक्षित रहेगा और किसी भी जानकारी का उपयोग उनकी अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा. कंपनी के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल वही जानकारी देखती है जो उपयोगकर्ता स्वयं मंच पर साझा करता है. भारत जैसे देश में, जहां युवा वर्ग तेजी से डिजिटल मंचों की ओर बढ़ रहा है, यह फीचर खासा असर डाल सकता है. बदलती जीवनशैली और व्यस्त दिनचर्या के बीच लोग अब तकनीक की मदद से रिश्ते तलाशने लगे हैं. कुल मिलाकर, मेटा का यह कदम बताता है कि भविष्य में रिश्तों की शुरुआत भी अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सहारे होगी. यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या मशीनें वाकई इंसानी दिलों को सही जगह जोड़ पाएंगी या नहीं.